आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में, चुनाव आयोग ने 80 लोकसभा सीटों पर मतगणना के लिए तैयारियां पूरी कर ली है, मतगणना कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव की मतगणना राज्य के 75 जिलों के 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। सभी स्ट्रांग रूम, जहां मतदान वाले ईवीएम रखे गए हैं, तीन–स्तरीय सुरक्षा घेरे में हैं, जिनमें केंद्रीय सशस्त्र बल तैनात हैं। संबंधित उम्मीदवार सीसीटीवी कवरेज के माध्यम से स्ट्रांग रूम की व्यवस्था पर 24 घंटे नजर रख रहे हैं।

श्री रिणवा ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर वीडियो और स्टैटिक कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही मीडिया सेंटर भी बनाए गए हैं। सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को सूचित करते हुए सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि, आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर और कुशीनगर जिलों में दो–दो केंद्रों पर मतगणना होगी। इसके अलावा, 8 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जिलों में होगी, जबकि 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जिलों में होगी और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र और साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतों की गिनती अधिकतम 41 राउंड में पूरी होने की उम्मीद है। मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 179 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है।

****

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि यह सभी जी7 देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ़ गुणा है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा संख्या है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ–साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी।

****

प्रदेश सरकार ने आज आम जनमानस से अपील की है कि लोग मतगणना से जुड़ी फर्जी खबरों पर ध्यान न दें। मतगणना की प्रक्रिया पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कुछ लोग राज्य की कानून व्यवस्था को बिगाड़ना चाहते हैं। इनके विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन लोगों को चेतावनी दी है जो मतगणना प्रक्रिया के संबंध में फर्जी खबरें फैला रहे हैं। साथ ही लोगों को बड़ी संख्या में मतगणना केंद्रों पर पहुंचने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास ऐसे लोगों के बारे में उचित जानकारी है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में किसी को भी कानून–व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जायेगी।

****

लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम कल जारी होने से पूर्व आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 4 जून को नतीजे आने के बाद देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद हो जाएगा। आज लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए सपा अध्यक्ष ने मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज को लेकर निशाना भी साधा। श्री यादव ने कहा कि बीजेपी ने छल किया, पेपर लीक करवाए और इलेक्टोरल बॉन्ड में भ्रष्टाचार किया। भाजपा ने देश को मंदी का शिकार बनाया है, नोटबंदी से व्यापार–कारोबार चौपट किया। कल मतगणना का परिणाम घोषित होने के बाद से भाजपा के झूठ का पर्दाफाश हो जाएगा।

****

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में टोल टैक्स में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि बढ़ा हुआ शुल्क आज से लागू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 900 से अधिक टोल प्लाजा हैं।

****

भारत की लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने मई में 20.45 लाख करोड़ रुपये के 14.04 अरब लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में कहा गया है कि मई के आंकड़े 2023 में इसी महीने की तुलना में मात्रा में 49 प्रतिशत और मूल्य में 39 प्रतिशत अधिक हैं। अप्रैल 2016 में यूपीआई चालू होने के बाद से मई के वर्तमान आंकड़े मूल्य और मात्रा के हिसाब से सबसे अधिक हैं।

****

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। हालांकि पूर्वांचल के गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्दार्थनगर सहित कुछ जिलों में मौसम विभाग ने आज गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वांचल के प्रयागराज में आज सर्वाधिक 45.02 डिग्री सैल्सियस, वाराणसी में 43.6 डिग्री और गोरखपुर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया। जबकि पश्चिम यूपी में झांसी और आगरा में 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

****